कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 04-04-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मण्डुवाडीह चौराहे पर पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था एवं लगने वाले जाम के कारणो की समीक्षा।

आज दिनांक 04-04-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मण्डुवाडीह चौराहे पर पैदल भ्रमण कर यातायात व्यवस्था में लगे पुलिस बल का निरीक्षण किया गया एवं यातायात व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तदोपरान्त पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा थाना मण्डुवाडीह में सम्मानित पत्रकार एवं क्षेत्र के विशिष्ट जन के साथ एक बैठक की गई जिसमें आमजनमानस द्वारा यातायात नियमों का पालन किये जाने, यातायात व्यवस्था में सुधार लाने आदि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निकट भविष्य में यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार लाये जाने हेतु आश्वासन दिया गया। भ्रमण व गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त यातायात श्री हृदेश कुमार, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन श्री श्याम नारायण सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां श्री संजीव कुमार शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात श्री विकास श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त गोष्ठी मे यह निर्णय लिया गया कि कमिश्नरेट वाराणसी के जाम लगने वाले तिराहो एवं चौराहो पर यातायात सलाहकार समिति का गठन किया जायेगा। यातायात सलाहकार समिति निम्न बिन्दुओ पर सुझाव देगी।

1. उक्त तिराहे/चौराहे पर लगने वाले जाम का कारण
2. उक्त जाम के निराकरण हेतु सुझाव

3. यातायात सलाहकार समिति का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लगने वाले जाम को तत्काल फोटो खींचकर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम संबंधित थाने व ट्रैफिक कंट्रोल को बताकर जाम का निराकरण किया जायेगा।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।

थाना कार्यालय
कार्यालय
जन सुनवाई
पहरा